हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार 25 जून 2026

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री से.
न्यूनतम 29.0 डिग्री से.

10 धार्मिक परंपराएं एकता, सद्भाव और नैतिक...



10 परिणाम रिवाइज के बाद प्रदेश में संयुक्त...



## खबर संक्षेप

### कार से टक्कर मार बाइक सवारों को गिराया, फोन छीने

**जींद।** खोखरी रा.स्कूल के निकट देर रात कार से टक्कर मार बाइक सवार दो युवकों को गिराया। फिर उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद दोनों घायलों के फोन छीन कर फरार हो गए। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन युवकों के खिलाफ मारपीट करने छीना झपटी करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। निर्जन निवासी प्रिंस ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका दोस्त विनय कार्यवश गांव बोहतवाला गए थे।

### कैथल: सड़क हादसे में युवक की मौत

**कैथल।** गांव कौल में मंगलवार देर रात एक सड़क हादसे में 26 साल के युवक की मौत हो गई। युवक कृषि महाविद्यालय के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक चालक ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में युवक के सिर समेत शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव कौल निवासी सौरभ के रूप में हुई है। वह कृषि महाविद्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत था। सूचना मिलने पर राहगीरों ने पुलिस और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

### कोर्ट आदेशों की अवमानना करने पर मामला दर्ज

**जींद।** सिवानामाल में अदालत के आदेशों की अवेहलना कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने पर सदर थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सिवानामाल निवासी अशोक ने बताया कि उनका गांव के ही विनोद के साथ जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा है। जिस पर अदालत ने यथा स्थिति बनाए रखने के लिए स्टे दिया हुआ है। बावजूद इसके विनोद ने रात को जमीन पर कब्जे की कोशिश की शाति भंग करने का प्रयास किया।

### संदिग्ध हालात में महिला लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव ढाबी टेक सिंह से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव ढाबी टेक सिंह निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 जून को उसकी 20 वर्षीय पत्नी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पैसे लेन-देन के झगड़े में भाई व बहन घायल

**जींद।** रुपयों के लेनदेने के विवाद में हमला कर भाई व बहन को घायल करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी जोगेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके बेटे अमन का मोहल्ले की ही सन्नी से रुपये लेने थे। बीती देर शाम को मोहल्ले का ही अमित उर्फ बोबी उनके घर आया और उसके बेटे अमन से रुपये मांगे। जिस पर उसके बेटे ने सन्नी से रुपये लेने को कहा। आरोपित अमित ने उसके बेटे अमन को थप्पड़ मारे। उसी दौरान आरोपित ने अपने दोस्तों को भी काल कर मौके पर बुला लिया।

### बाइक चोरी मामले का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना सफीदों पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े आरोपित कि पहचान गुरूद्वारा कालोनी सफीदों निवासी सागर के रूप में हुई है। शहर थाना सफीदों प्रभारी निरीक्षक राजकुमार राणा ने बताया कि गांव बहादुरगढ़ निवासी दीपक ने पुसिल को दी शिकायत में बताया था कि उसने अपना बाइक एसबीआई बैंक के पास गया था। जब वह वापस आया तो बाइक गायब मिली। पुलिस ने दीपक की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

# चार सदस्यीय टीम ने सुविधाएं जांचीं, नेशनल मेडिकल कमीशन को देगी रिपोर्ट

## नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम ने किया जींद अस्पताल का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

केंद्र सरकार द्वारा जींद के गांव हैबतपुर स्थित संत शिरोमणि धन्ना भगत मेडिकल कालेज को 50 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी दी गई है ताकि शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सके। बुधवार को व्यवस्थाओं को जांचने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन की टीम ने जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का दौरा किया और यहां मौजूद मेडिकल कालेज के छात्रों के लिए सुविधाओं को जांचने का किया। चार सदस्यीय टीम ने अपने जांच को लेकर वीडियोग्राफी भी करवाई और अपनी जांच रिपोर्ट नेशनल मेडिकल कमीशन को अवगत करवाने की बात कही। टीम सदस्यों ने बताया कि निरीक्षण की जानकारी को गोपनीय रखा जाती है और न ही किसी को टीम सदस्यों को नाम बताया जाता है। नेशनल मेडिकल कमीशन की चार सदस्यीय टीम (चारों अलग-अलग स्टेट से) बुधवार सुबह ही अस्पताल पहुंची। टीम द्वारा यहां सभी सुविधाओं को जांचने व परखने का काम किया। जांच को लेकर वीडियोग्राफी करवाई गई। राज्य सरकार राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से अनुमति लेकर दाखिले शुरू करेगी। एनएमसी की टीम ने कॉलेज की शैक्षणिक और चिकित्सीय व्यवस्थाओं का विस्तृत मूल्यांकन करने का काम किया। निरीक्षण के दौरान विभागवार फैकल्टी की उपलब्धता, अस्पताल में भर्ती और ओपीडी मरीजों की स्थिति, आधुनिक उपकरण, प्रयोगशालाएं और अन्य आधारभूत सुविधाओं की जांच की। यदि एनएमसी की टीम निरीक्षण से संतुष्ट होती है तो जल्द ही कॉलेज में कुल 50 छात्रों को एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश का अवसर मिलेगा। इससे सरकारी मेडिकल कॉलेज में चिकित्सा जांच के भी अवसर बढ़ेंगे और शैक्षणिक गतिविधियों, संसाधनों और अधोसंरचना के विस्तार का रास्ता भी खुलेगा। गांव हैबतपुर के पास संत शिरोमणि धन्ना भगत राजकीय मेडिकल कालेज पिछले साल अक्टूबर महीने में ही शुरू हो चुका है। यहां पर फिलहाल ओपीडी शुरू की गई हैं। इसके अलावा यहां कोई सुविधा नहीं है। यहां पर ओपीडी के लिए भी चिकित्सक नागरिक अस्पताल से ही जाते हैं। यदि किसी मरीज को जांच करवाने की जरूरत पड़ती है तो उसे नागरिक अस्पताल में जांच एक्सरे, रक्त जांच के लिए भेजा जाता है। ऐसे में कहा जा सकता है कि मेडिकल कालेज फिलहाल औपचारिकता भी पूरी नहीं कर रहा है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने मेडिकल कालेज को जल्द से जल्द शुरू करवाने के लिए कई बार दौरे किए। इस दौरान उन्होंने चंडीगढ़ में भी संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। डा. मिड्ढा लगातार मेडिकल कालेज के डायरेक्टर राजीव महेंद्रू के साथ मेडिकल कालेज की सुविधाओं को लेकर मंथन भी करते रहे। अब जाकर उनकी टीम के अथक प्रयासों से जींद मेडिकल कालेज को 50 सीटें एमबीबीएस की मिली हैं।



**जींद।** गांव हैबतपुर स्थित संत शिरोमणि धन्ना भगत मेडिकल कालेज।

### सीटों पर जल्द दाखिले की उम्मीद

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि संत शिरोमणि धन्ना भगत मेडिकल कॉलेज को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 50 एमबीबीएस सीटों की मंजूरी दे दी है। अब टीम ने भी निरीक्षण किया है। उम्मीद है कि 50 एमबीबीएस सीटों पर जल्द दाखिले शुरू होंगे और इसी वर्ष संस्थान में शैक्षणिक सत्र शुरू किया जा सकेगा। उनके पिता जींद के विधायक रहे स्व. डा. हरिचंद मिड्ढा का सपना था कि जींद के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बाहर न जाना पड़े। उनके पिता के सपने को साकार करने के लिए दिन-रात मेहनत की। अब उनके पिता का सपना साकार होने जा रहा है और जींद के लोगों को स्वास्थ्य की बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी।

## कैथल डंपिंग यार्ड पर अधिकारी और ग्रामीण आमने-सामने

# डंपिंग यार्ड को बंद कर शीघ्र कचरा हटाया जाए

### एसडीएम तथा डीएसपी के समझाने पर माने ग्रामीण

**शहर से प्रतिदिन 85 टन कचरा निकल रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

कैथल के खुराना रोड स्थित कचरा डंपिंग यार्ड पर बुधवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई, जब प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ धरने पर बैठे ग्रामीणों को हटाने और डंपिंग यार्ड का ताला खुलवाने पहुंचा। मौके पर एसडीएम, डीएसपी, एसएचओ, नगर परिषद के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। करीब एक घंटे तक अधिकारियों द्वारा समझाने पर ग्रामीण मान गए तथा उन्होंने धरना समाप्त कर दिया।

धरने पर बैठे ग्रामीणों दिलबाग मलिक, गुरदयाल सिंह, नरेश, ईश्वर सिंह, शमशेर, गुरदीप सिंह, अंग्रेज सिंह और सुरेंद्र ने कहा कि यदि कोई अधिकारी डंपिंग यार्ड के पास अपना मकान बनाना चाहता है तो वे उसे 400 गज जमीन मुफ्त में देने को तैयार हैं। उनका कहना था तभी अधिकारियों को यहां रहने वाले लोगों की परेशानियों का एहसास होगा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि डंपिंग यार्ड के कारण उनके बच्चों के रिश्ते आने बंद हो गए हैं। लोगों को मक्खियों, बदबू और गंदगी के बीच अपनी बेटियां भेजने में संकोच होता है। उन्होंने कहा कि वे किसी भी कीमत पर धरना समाप्त नहीं करेंगे और जरूरत पड़ने पर जेल जाने को भी तैयार हैं। डंपिंग यार्ड के आसपास के करीब एक दर्जन गांवों के लोगों ने पिछले एक सप्ताह से यार्ड पर ताला लगा रखा है और लगातार धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि डंपिंग यार्ड को पूरी तरह बंद कर वहां जमा कचरा हटाया जाए। ग्रामीणों और प्रशासन के बीच गतिरोध बना हुआ है। तालाबंदी के कारण कैथल शहर का कचरा फिलहाल करनाल के डंपिंग यार्ड में भेजा जा रहा है। इससे सफाई कर्मचारियों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ रही है और शहर की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है।

शहर से प्रतिदिन लगभग 85 टन कचरा निकलता है। ग्रामीणों का कहना है कि डंपिंग यार्ड से उड़ने वाली गंदगी और पॉलिथीन उनके खेतों व घरों तक पहुंच रही है। इसके अलावा पास से गुजरने वाली नहरी माइनर भी प्रदूषित हो रही है, जिससे दूषित पानी गांवों तक पहुंचने का खतरा बना हुआ है। कुलतारण, खुराना, कालूवाली गामड़ी, डेरा गदला और डोहर समेत कई गांवों के लोग इससे प्रभावित हैं।



**कैथल।** एसडीएम संजय कुमार तथा डीएसपी सुशील प्रकाश खुराना रोड पर डंपिंग यार्ड पर धरने पर बैठे ग्रामीणों को समझाते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### प्रशासन तलाश रहा समाधान

इस मामले में एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि प्रशासन द्वारा समझाए जाने पर ग्रामीण मान गए। उन्होंने कहा कि अब प्रशासन इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

- पति व सास पर दहेज हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जुलाना

जुलाना थाना पुलिस ने लजवाना खुर्द निवासी विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में उसके पति और सास के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मृतका के पिता की शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना पुलिस को दी शिकायत में हांसी क्षेत्र के भाटोल बास निवासी प्रेम ने बताया कि उसकी बेटी सीमा रानी की शादी वर्ष 2020 में लजवाना खुर्द निवासी अंकित के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसकी बेटी को दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। शिकायतकर्ता का आरोप है कि पति और सास अधिक दहेज की मांग करते थे तथा मांग पूरी नहीं होने पर उसकी बेटी के साथ मारपीट भी की जाती थी। शिकायत में बताया कि 23 जून की रात सूचना मिली थी कि सीमा रानी की डेड बॉडी सुंदर ब्रांच नहर के पास मिली है। परिजनों ने आरोप लगाया कि दहेज की मांग पूरी नही होने से उसकी बेटी को प्रताड़ित किया और उसकी मौत के लिए पति तथा सास जिम्मेदार हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति अंकित और उसकी मां सावित्री के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हत्या की साजिश रचने का आरोप

भाटोल गांव निवासी प्रेम ने बुधवार को आरोप लगाया कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। हत्या की साजिश पतिअंकित और उसकी माता ने रची है। आग से अंकित को कोई भी चोट नही आई जबकि उनकी बेटी सीमा के हाथ व कान जल चुके थे। अंकित ने जानबूझ कर उसे नहर में गिराया है।



महाराणा प्रताप चौक पर गोल्ड मेडल विजेता सगनदीप का स्वागत करते शहरवासी।

### होनहार बेटी सगनदीप ने स्टेट स्तर पर जीता गोल्ड

**राजौंद।** राजौंद की होनहार बेटी सगनदीप ने स्टेट लेवल पर आयोजित पंचकस्लाट खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते गोल्ड मेडल हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।बुधवार को सगनदीप की इस उपलब्धि पर महाराणा प्रताप चौक पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान शहर में खुशी का माहौल देखने को मिला। लोगों ने कहा कि सगनदीप ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे राजौंद शहर और कैथल जिले को गौरवान्वित किया है। उसकी इस सफलता से अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। समाज के गणमान्य लोगों ने सगनदीप को बधाई देते उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि प्रतिभा किसी पहचान की मोहताज नहीं होती, जरूरत है तो सिर्फ मेहनत और लगन की, जिसका उदाहरण सगनदीप ने प्रस्तुत किया है।लोगों ने सरकार व प्रशासन से मांग की है कि ऐसी प्रतिभाओं को उचित प्रोत्साहन और सुविधाएं दी जाएं, ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें

### दहेज के लिए किया प्रताड़ित तेजाब फेंकने की दी धमकी

**जींद।** नरवाना शहर थाना पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित करनेए तेजाब फेंकने की धमकी देने व मारपीट करने का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नरवाना माडल टाउन निवासी स्वाति ने शहर थाना पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसकी शादी नरवाना निवासी आयुष गोयल के साथ 2021 में हुई थी। स्वाति ने कहा कि शादी के बाद से ही उसका पति आयुष व सास कांता उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। शादी में उन्होंने 50 लाख रुपये से ज्यादा खर्च किया था। इसके बाद भी यह लोग और दहेज की मांग कर रहे थे। जब आरोपितों की मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

### ट्रक से 2 किलो 992 ग्राम अफीम बरामद

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट ने एनएच-152डी पर नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक चालक को 2 किलो 992 ग्राम अफीम सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एएसआई तरसेम कुमार की टीम अपराधों की रोकथाम एवं गश्त दौरान पूंडरी क्षेत्र में मौजुद थी। इसी दौरान उन्हें एक विश्वसनीय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि झारखंड से पंजाब क्षेत्र में सप्लाई के लिए भारी मात्रा में अफीम लेकर एक ट्रक एनएच-152डी से गुजरने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम द्वारा मोहना टोल के पास अम्बाला की ओर जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी की गई।

### स्वचालित सीढ़ियां लगने का काम जल्द होगा पूरा

**जींद।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे जींद जंक्शन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्वचालित सीढ़ियां लगने का काम अंतिम चरण में है। एक सप्ताह तक काम पूरा होने की उम्मीद है। जनवरी माह में जींद जंक्शन पर स्वचालित सीढिय़ां लगाने का सामान पहुंचा था। इस कार्य पर लगभग तीन करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। वहीं लिफ्ट का काम पूरा हो चुका है। इससे यात्रियों को भारी भरकम सामान एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर लेकर जाने में सुविधा होगी। अभी यात्रियों को सीढिय़ां चढ़कर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाना पड़ता है। सीढिय़ों से एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने में कई बार यात्री लेट हो जाते हैं। इससे कई बार यात्रियों की ट्रेन भी छूट जाती है। इस पर लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपये का खर्च आएगा।





### मातृ, शिशु मृत्यु को रोकना उद्देश्य, तीमारदारों को दिया प्रशिक्षण

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का बुधवार को केयर कंपेनियम प्रोग्राम टीम ने दौरा किया। टीम ने खासकर मातृ शिशु मृत्यु दर को रोकने के लिए अस्पताल में दाखिल महिलाओं के साथ आई अन्य महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। टीम का मुख्य कार्य मरीजों के परिवारों को शिक्षित करना, जटिलताओं को रोकना और अस्पताल में दोबारा भर्ती होने की आवश्यकता को कम होता है। इसके अलावा टीम स्टाफ नर्स और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को भी प्रशिक्षण देती है ताकि अस्पताल में दाखिल मरीजों की अच्छे से देखभाल हो सके। सुबह 10 बजे केयर कंपेनियम प्रोग्राम की टीम नागरिक अस्पताल में पहुंची। टीम सीधे गाइनी वार्ड में पहुंची और यहां उपचार के लिए आई महिलाओं से बातचीत की। इसके बाद अस्पताल में दाखिल महिलाओं से बातचीत की। टीम ने खासकर नवजात बच्चों की सुरक्षा और माताओं की सुरक्षा के बारे में यहां उपस्थित स्टाफ नर्स व स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया।

### ई-रिक्शा से लघु सचिवालय पहुंची डीसी



**जींद।** डीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत तथा प्रदूषण नियंत्रण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को ई-रिक्शा के माध्यम से अपने कार्यालय पहुंच कर सकारात्मक संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों से अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन साधनों तथा ई.रिक्शा के उपयोग का आह्वान किया। डीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ईंधन की खपत को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाए। *फोटो:हरिभूमि*

## गर्मी के मौसम में पानी की कमी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बनाया, जमकर नारेबाजी

# 20 दिन से पानी की बूंद-बूंद को तरसे बोह पट्टी मोहल्लावासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। सीवन

नगर के बोह पट्टी मोहल्ले में पिछले 20 दिनों से पेयजल संकट गहराने से स्थानीय निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्लावासियों का आरोप है कि क्षेत्र में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति नहीं हो रही, जिसके चलते लोगों का जीवन प्रभावित हो गया है। गर्मी के मौसम में पानी की कमी ने स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। मोहल्ला निवासियों ने बताया कि पिछले 20 दिनों से क्षेत्र में पानी की सप्लाई नहीं पहुंची है। इसके कारण उन्हें पीने के पानी के लिए दूसरे मोहल्लों और सार्वजनिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को दूर-दराज से पानी भरकर लाना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अतिरिक्त परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की समस्या केवल पीने तक सीमित नहीं है, बल्कि घरों में खाना बनाने, कपड़े धोने, सफाई तथा अन्य घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। मोहल्ले के पशुपालकों ने भी अपनी चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पशुओं के लिए पानी की व्यवस्था करना चुनौती बन गया है। उन्हें पशुओं को पानी पिलाने के लिए भी दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में पशुओं को पर्याप्त पानी न मिलने से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है।



**सीवन।** बोह पट्टी मोहल्ला में पानी के लिए परेशान महिलाएं। *फोटो :हरिभूमि*

### समस्या की कोई जानकारी नहीं: ऋषि पाल

इस संबंध में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी ऋषि पाल से संपर्क करने पर उन्होंने बताया कि उन्हें बोह पट्टी मोहल्ले में पानी की समस्या की कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा नगर के सभी क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति की जा रही है। यदि किसी विशेष मोहल्ले में पानी की सप्लाई बाधित है तो मामले की जांच करवाई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई करते हुए समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि किसी भी नागरिक को पेयजल संबंधी परेशानी नहीं होने दी जाएगी।



### हाई स्पीड की ट्रायल की तैयारियां तेज

**जींद।** शुक्रवार 26 जून को होने वाली हाइड्रोजन ट्रेन की हाई स्पीड की ट्रायल की तैयारियां तेज हो गई हैं। ट्रायल को लेकर बाहर से एक टैंकर गैस मंगवाई गई है। गैस को ट्रेन में भरा जा रहा है। इस बार ट्रालय जींद से दिल्ली और दिल्ली से सोनीपत जाएगी। इसके बाद ट्रेन जींद आएगी। ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी। वहीं ट्रायल प्रक्रिया की निगरानी के लिए अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) की टीम लखनऊ से पहुंच चुकी है, जो ट्रेन में वायरिंग व प्लेटिंग का काम कर रही है। जबकि पहले हुए ट्रायल के दौरान ट्रेन की गति 70 से 85 किलोमीटर तक रही थी, जो जींद से सोनीपत रूट पर चलाई गई थी। पहले ट्रेन के कम गति वाले परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए जा चुके हैं। अब हाई स्पीड ट्रायल के जरिये ट्रेन के विभिन्न तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की जाएगी। इसमें ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की क्षमता, सुरक्षा मानकों, कंपनए ट्रैक पर स्थिरता और विभिन्न परिस्थितियों में ट्रेन के प्रदर्शन का आकलन किया जाएगा। आरडीएसओ की विशेषज्ञ टीम ट्रायल के दौरान प्राप्त होने वाले सभी तकनीकी आंकड़ों का विश्लेषण करेगी।

## खबर संक्षेप

### संयुक्त किसान मोर्चे का धरना 1525वें दिन जारी

**नरवाना।** नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में आज भी 1525 वें भी जारी रहा जिस की अध्यक्षता रामप्यारी लोधर ने की और मंच संचालन सतबीर खरल ने किया । मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा ने मंच सांझा करते हुए बताया कि मौजूदा सरकार का कहना है कि हमारा चाल चरित्र और चेहरा अन्य पार्टियों से अलग है ,यह बात सही है क्यों कि सोमनाथ के मन्दिर की धनसंपन्न की ख्याति सुनकर एक लुटेरा गजनी से चलकर सोमनाथ के मन्दिर से सोना, चांदी हीरे, पन्ने,जवाहरात लुट कर वापिस गजनी लौट जाता है।

### युवा विकास समिति का रक्तदान शिविर आज

**जींद।** युवा विकास समिति द्वारा गुरूवार को स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रोहतक रोड की कृष्णा धर्मशाला में किया जाएगा। समिति अध्यक्ष एवं जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढ़ू ने बताया कि शिविर में नई अनाज मंडी के प्रधान सुशील सिहाग व पूर्व प्रधान राजेश गोस्वामी खास तौर पर शिरकत करेंगे। शिविर में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नर्सिंग ऑफिसर मनीषा बरसाना, राष्ट्रीय कवि ओमप्रकाश चौहान, धर्मराज जागलान राजेंद्र सोनी महिपाल शिरकत करेंगे।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

**जींद।** शहर में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पुलिस ने शिकायतों के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। हाउसिंग बोर्ड निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 22 जून को उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं शिवपुरी कालोनी निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 21 जून को उसकी 26 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई।

### कल कैथल पहुंचेंगी महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौधरी

**कैथल।** हरियाणा महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पर्ल चौधरी के 26 जून को कैथल आगमन, स्वागत कार्यक्रम एवं हस्ताक्षर अभियान को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा एक महत्वपूर्ण जूम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एआईसीसी महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के आशीर्वाद तथा कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला के आह्वान पर आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव प्रिग्या पाशा जैन एवं जिला अध्यक्ष सुशीला शर्मा के नेतृत्व में हुआ।

### संस्कृत विवि ने जारी की प्रवेश की प्रथम मेरिट सूची

**कैथल।** महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रथम मेरिट सूची जारी कर दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संचालित किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को समय पर प्रवेश उपलब्ध कराया जा सके। विवि की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रथम सूची अपलोड कर दी गई है। प्रवेश के लिए इस वर्ष विभिन्न पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों की ओर से उत्साहजनक आवेदन प्राप्त हैं। शास्त्री/बीए पाठ्यक्रमों के लिए 56 आवेदन, आचार्य/एमए पाठ्यक्रमों के लिए 91 तथा डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के लिए 123 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### कैथलः नशे के खिलाफ जनजागरण अभियान तेज

**कैथल।** नशा मुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से कैथल पुलिस द्वारा चलाया जा रहा व्यापक अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। पुलिस अधीक्षक मनप्रीत सिंह सूदन के निर्देशानुसार जिलेभर में /"नशा मुक्त भारत पखवाड़ा/" के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आमजन, विद्यार्थियों तथा युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत करवाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## लक्ष्मी नारायण मंदिर में शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा

# धार्मिक परंपराएं एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का देती हैं संदेशः अत्री

### भगवान शिव का परिवार आदर्श पारिवारिक जीवन, प्रेम, समर्पण और संस्कारों का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

करसिंधु गांव स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में बुधवार को शिव परिवार की भव्य मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और सनातन संस्कृति के उल्लास के साथ संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चारण, यज्ञ धार्मिक अनुष्ठानों के बीच भगवान शिव, माता पार्वती, श्री गणेश और कार्तिकेय की मूर्तियों की विधि-विधान से स्थापना की। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान श्रद्धालु शिव भक्ति में सराबोर नजर आए। हवन में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पूर्णाहुति अर्पित कर प्रदेश और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने हलवा-पूरी सहित प्रसाद ग्रहण किया। विधायक ने कहा कि संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त करना उनका सौभाग्य है। सनातन संस्कृति और धार्मिक परंपराएं समाज को एकता, सद्भाव और नैतिक मूल्यों का संदेश देती हैं। करसिंधु गांव में शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा से धार्मिक चेतना और आध्यात्मिक वातावरण को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने मंदिर ट्रस्ट एवं ग्रामीणों को इस पुण्य कार्य के लिए बधाई देते कहा कि सरकार धार्मिक एवं सामाजिक विकास कार्यों में हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी है। धार्मिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं तथा हमारी संस्कृति और परंपराओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भगवान शिव का परिवार आदर्श पारिवारिक जीवन, प्रेम, समर्पण और संस्कारों का प्रतीक है। श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट प्रधान सतबीर परासर ने कहा कि शिव परिवार की स्थापना से मंदिर की आध्यात्मिक गरिमा और बढ़ेगी तथा श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना का एक दिव्य केंद्र मिलेगा। शिव परिवार की पूजा को परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और आपसी सौहार्द का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और कार्तिकेय की संयुक्त आराधना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और मंगलकारी फल की प्राप्ति होती है।



उचाना। हवन में पूर्णा आहुति देते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी प्रदीप कौशिक, भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष राजबाला, एसडीएम रमित यादव, बीडीपीओ शमशेर नैन, शिक्षाविद रामचंद्र अत्री, रमेश, सुरेश कोटड़ा, ओमप्रकाश भौंगरा, सुनील दिल्ली, रोशन परासर, शिवनारायण, वृंदा शर्मा, साधुराम गुरूकुल खेड़ा, सुरेंद्र खरकभूरा, सतीश शर्मा कैथल, मा. रामप्रसाद, शीशपाल शास्त्री, बलवान शर्मा मौजूद रहे।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते विधायक देवेंद्र अत्री। *फोटो :हरिभूमि*

### भाजपा राष्ट्रीयध्यक्ष पीड़ित परिवारों को करेंगे सम्मानित

**जींद।** उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री ने कहा कि 25 जून 1975 का दिन इतिहास में काला दिन के तौर पर दर्ज है। उस समय की प्रधानमंत्री रही इंदिरा गांधी ने देश पर जो इमरजेंसी थौंपी गई, जिसमें लाखों लोगों को रातोंरात जेल में डाला गया, यातनाएं दी गई। अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी और सभी विपक्ष के नेताओं को रातोंरात जेल में डाला गया। इस दौरान लाखों लोग जेल में यातनाओं से मर भी गए। उन लोगों के परिवारों को सम्मानित करने के लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 25 जून को रोहतक में आ रहे हैं।

उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री बुधवार को जींद में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी के दौरान अनगिनत लोगों को जेल में बंद कर दिया गया। संविधान के चौथे स्तंभ प्रेस को भी बंद कर दिया गया। रातोंरात प्रेस के कनेक्शन काट दिए गए। कांग्रेस की तत्कालीन प्रधानमंत्री कार्यालय से जो भी लिखा आता था, बस वही छापना था। प्रेस को कुचला गया। अब इमरजेंसी पीडित परिवारों को सम्मानित करने के लिए तीन कार्यक्रम पंचकूला, रोहतक, फरीदाबाद में आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में मृतक लोगों के परिवारों को बुला कर तथा जो शहीद नही हुए और जो जिंदा हैं सभी को बुला कर उनको सम्मानित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि हर व्यक्ति को इस बारे में पता लगना चाहिए कांग्रेस का नेचर क्या है।




जींद। कन्या भ्रूण हत्या न करने को लेकर जागरूक करते स्वास्थ्यकर्मी।

# कन्या भ्रूण हत्या समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

- **बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व : रामदयाल**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कंडेला के तहत गांव मोहनगढ़ में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गांव में कई जगह नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य ग्रामीणों को बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान तथा कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति जागरूक करना था। रैली में आशा वर्करों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, महिलाओं, युवाओं तथा ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अवसर पर एमपीएचडब्ल्यू रामदयाल, सुमन एवं रीना ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण लगातार गिरता लिंग अनुपात आज देश के सामने एक गंभीर सामाजिक चुनौती बन चुका है। इस समस्या का समाधान केवल कानूनों से संभव नहीं है बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि बेटा और बेटी दोनों ईश्वर की अमूल्य देन हैं तथा दोनों को समान अधिकार, समान अवसर और समान सम्मान मिलना चाहिए। बेटी घर का बोझ नही बल्कि परिवार की शान और समाज की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान का उद्देश्य केवल कन्या भ्रूण हत्या रोकना ही नही बल्कि प्रत्येक बेटी को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आत्मनिर्भर बनने के अवसर उपलब्ध कराना भी है। अपनी बेटियों की शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए समान रूप से प्रयास करने चाहिए। इस मौके पर ग्रामीणों को पीएनडीटी एक्ट की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी ग्रामीणों को कन्या भ्रूण हत्या का विरोध करने की शपथ दिलाई गई।

# पूर्व प्राचार्या डॉ. दर्शना देवी होंगी बलबीर चंद गुप्ता शिक्षक सम्मान से विभूषित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नरवाना



भारत के जाने माने शिक्षाविद बलबीर चंद गुप्ता की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में कन्या गुरुकुल खरल की पूर्व प्राचार्या डॉक्टर दर्शना देवी को शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। मानव मित्र मंडल व प्रगतिशील समाज द्वारा यह कार्यक्रम 12 जुलाई को एक निजी पैलेस में आयोजित किया जा रहा है। मंडल सचिव नरेश वत्स ने जानकारी दी कि प्रत्येक वर्ष बलबीर चंद जी की पुण्य तिथि पर स्मृति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है और नरवाना के एक श्रेष्ठ शिक्षक को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया जाता है।डॉक्टर दर्शना देवी इस क्षेत्र का ही नहीं बल्कि पूरे हरियाणा में एक जाना माना नाम है।एक पिछडे क्षेत्र में स्त्री शिक्षा की अलख जगा कर उन्होंने एक प्रतिमान स्थापित किया। उनके कुशल नेतृत्व में कन्या गुरुकुल खरल पूरे देश के लिए अनुकरणीय उदाहरण बन गया। उनके परिश्रम व समर्पण भाव के परिणामस्वरूप आज यह शिक्षा का केन्द्र खानपुर विश्वविद्यालय का रीजनल सेंटर बन गया है। उनकी हजारों शिष्याएं विभिन्न क्षेत्रों में नये आयाम स्थापित कर रही हैं। उनका समस्त जीवन त्याग से ओत-प्रोत रहा है। वे दिन-रात शिक्षा सेवा में रत है। उनके नाम की प्रस्तावना शहर के शैक्षिक व सामाजिक संगठनों ने सर्वसम्मति से किया।

#### मेधावियों को मिलेगी छात्रवृत्ति

इस कार्यक्रम में शहर के दर्जनों मेधावी विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल से दिनेश गोयल, अनिल गर्ग, महावीर गुप्ता, गुरप्रीत दुआ प्रगतिशील समाज से अचल मित्तल, सुमित गर्ग, रोबिन, विनोद धीमान, विनोद शर्मा, नारायण सेवा संस्थान से राजेन्द्र गर्ग, साहिल, अनिल वत्स इत्यादि उपस्थित रहे।

# चैनत गांव में ग्रामीणों पर लाठी चार्ज को लेकर जताया विरोध

**जींद।** अखिल भारतीय किसान सभा जींद जिला कमेटी ने हांसी के चैनत गांव में पीने के पानी की मांग को लेकर आंदोलनरत ग्रामीणों पर आधी रात को किए गए लाठीचार्ज, अश्रु गैस के गोले छोड़े जाने तथा प्रशासन द्वारा ही लगाई गई टी पाइप कनेक्शन को पुलिस बल के सहारे उखाड़े जाने की घटना की कड़ी निंदा करते हुए ग्रामीणों की जायज मांगों का समाधान करने और दर्ज किए गए झूठे मुकदमे रद्द करने की मांग की है। किसान सभा जींद जिला कमेटी की ओर वेद प्रकाश ने कहा कि पिछले लगभग डेढ़ महीने से चैनत गांव के लोग पीने के पानी की समस्या को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन की लगातार उदासीनता के कारण ग्रामीणों को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल तक करनी पड़ी। भूख हड़ताल के 11 दिन बाद रात के समय पाइपलाइन में टी लगाई गई लेकिन हैरानी की बात है कि अगली ही रात भारी पुलिस बल की मौजूदगी में महिलाओं सहित ग्रामीणों पर अश्रु गैस के गोले छोड़े गएए लाठीचार्ज किया गया और पुलिस बल के सहारे टी को उखाड़ दिया गया।

### आटो म्युटेशन सिस्टम लागू होने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया

**जींद।** तहसीलों में आटो म्युटेशन सिस्टम ओर पेपरलैस रजिस्ट्री 2.0 के सीएम सैनी द्वारा लिए फैसले का माजरा खाप पंचायत जींद स्वागत करती हैं। फैसले से अब रजिस्ट्री के साथ-साथ इंतकाल भी स्वतः दर्ज हो जाएगा और मानव हस्तक्षेप से छुटकारा मिलेगा। भ्रष्टाचार पर भी बड़ा अंकुश लगेगा। माजरा खाप प्रधान गुरविंदर सिंह ने कहा कि इस निर्णय से बिचोलिए की भूमिका समाप्त हो जाएगी। सरकार से व उपायुक्त जींद से अनुरोध किया की भूमि पार्टीशन के जो केस राजस्व कोर्ट व कचहरी में लंबे समय से लंबित हैं, उनके संदर्भ में छह माह की समय सीमा निर्धारित की जाए। पांच साल से केस लंबित मिल जाएंगे तहसीलों में। यहां भ्रष्टाचार की गुंजाइश रही है। यदि भ्रष्टाचार मुक्त विभाग बनाना है तो इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा का होना जरूरी : सुरेंद्र खरकभूरा

# परिणाम रिवाइज के बाद प्रदेश में संयुक्त रूप से टॉप स्थान पर रही दिपांशी को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| उचाना

10वीं कक्षा में परिणाम रिवाइज के बाद 499 अंक लेकर संयुक्त रूप से हरियाणा टॉपर बनी दिपांशी जैन को मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा द्वारा सम्मानित किया। चेयरमैन ने कहा कि बेटी निरंतर हर क्षेत्र में स्थान प्राप्त करके माता-पिता, परिवार एवं क्षेत्र का नाम रोशन कर रही है। ग्रामीण क्षेत्र के युवा निरंतर आगे आ रहे है। दिवांशी ने साबित किया कि बेटी किसी क्षेत्र में बेटे से कम नहीं है। शिक्षा जीवन में आगे बढने के लिए जरूरी है। बिना शिक्षा के जीवन अंधेरे के जैसा है। प्रतिस्पर्धा के इस दौर में आगे बढना है तो शिक्षा सबसे जरूरी है। भाजपा सरकार ने बिना खर्ची बिना पर्ची युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरी दी है। पढ़ाई के बूते पर आज गरीब परिवार के युवा भी बड़े-बड़े पदों पर नौकरी लग रहे है। दिपांशी ने कहा कि ये सम्मान आगे बढने के लिए प्रेरित करेगा। जो सम्मान निरंतर दिया जा रहा है उससे हौंसला बढ़ता है। जो सपना देखा है उसको पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी। रिवाइज परिणाम में 7 अंक बढ़कर 499 अंक होने से हरियाणा में पहला स्थान प्राप्त करने का जो सपना देखा था वो पूरा हुआ है। लक्ष्य प्राप्त करने के लिए की मेहनत सफल होती है। जस्सा कापड़ो, कृष्ण कापड़ो, सतपाल बुडायन, हरिकेश, शीशपाल चहल, सतपाल गर्ग, संजय सैन मौजूद रहे।



उचाना। दिपांशी को सम्मानित करते मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा। *फोटो :हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**जींद।** सीआर किसान आईटीआई के छात्रों ने हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में पुलिस विभाग द्वारा चलाए गए नशा मुक्त हरियाणा अभियान पर सस्थान में जन जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अभियान का का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा समाज में नशे के विरूद्ध सकारात्मक वातावरण तैयार करना है। डीएसपी संदीप कुमार ने मुख्यअतिथि के तौर पर शिरकत की। सस्थान के प्राचार्य पवन कुमार रेढू ने बताया कि आईटीआई की विद्युतकार व्यवसाय की छात्रा अंजू ने कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व अमन एंव एसी व्यवसाय के छात्र ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। सस्थान के छात्रों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में भी नशे के विरूद्ध अभियान के लिए स्लोगनों के माध्यम से सन्देश देने की पहल की। पुलिस नारकोटिस विभाग से नरेश व उनकी टीम भी मौजूद रही।

### एआई मिशन इंडिया के कार्यालय का उद्घाटन एक को

**नरवाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का 2047 का लक्ष्य पूरा करने हेतु मुख्य तौर पर भूमिका निभा रही नई टेक्नोलॉजी एआई मिशन इंडिया प्रैक्टिकल में भूमि स्तर पर कार्य शुरू हो गया है। ई-क्योंरन एआई मिशन इंडिया का मुख्य कार्यालय सेक्टर 38 चंडीगढ़ में 1 जुलाई को राष्ट्रीय स्तर के समाजसेवी भाजपा वरिष्ठ नेता राजेंद्र गुप्ता अमरगढ़ वाला द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। अवसर पर एआई मिशन द्वारा उनको मुख्य अतिथि बनाया गया है। यह कार्यालय मुख्य कार्यालय के रूप में पूरे राष्ट्र के अंदर कार्य करेगा। ई.कयोरन ए.आई. मिशन के सीएमडी सरदार राहुल सिंह गिल जो कि पंजाब के उभरते हुए भाजपा के मुख्य युवा नेता हैं, उन्होंने बताया कि चंडीगढ़ सेक्टर 38 में खुल रहे इस कार्यालय से पूरे राष्ट्र के अंदर ए.आई. मिशन को चलाया जाएगा। गिल ने बताया कि इस मिशन से गवर्नमेंट सेक्टर और कॉरपोरेट हाउस हाउसेस को यह नई टेक्नोलॉजी प्रदान की जाएगी।

### रामचरितमानस के सुंदरकांड की महिमा का बखान

**नरवाना।** स्थानीय दुर्गा मंदिर में पिछले चार माह से लगातार चल रहे हनुमान चालीसा व सुंदरकांड के पाठों के दौरान बुधवार को स्वामी मुक्तानंद महाराज ने रामचरितमानस के सुंदरकांड की महिमा का बखान किया। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे कलयुग बढ़ेगा पाप और अत्याचार भी बढेंगे। मनुष्य की स्थिति पशुओं से भी बदतर हो जाएगी। ऐसे समय के लिए परमात्मा के केवल नाम के सिमरन से ही मनुष्य के कष्टों की मुक्ति संभव है। गोस्वामी तुलसीदास भी स्पष्ट करते हैं कि कलिजुग केवल नाम अधाराएसुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा। मनुष्य को कलयुग में कठोर तप करने की आवश्यकता नहीं है।वह केवल अपने हृदय से इष्टदेव का सिमरन भी कर ले तो उसकी मोक्ष प्राप्ति संभव है।हनुमान जी को प्रसन्न करने का सबसे सरल उपाय है कि मनुष्य मन से हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करे।इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने गायन विधि द्वारा सुंदरकांड का मधुर पाठ किया।

### स्काउट कैंप तारा देवी शिमला में सम्पन्न

**उचाना।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना कलां के 5 स्टाफ सदस्यों ने 18 जून से 24 जून तक आयोजित स्काउट कैंप तारा देवी शिमला (हिमाचल प्रदेश) में सफलतापूर्वक भाग लिया। दल में डॉ. दिनेश , अजरमेर श्योकंद, सुरेंद्र, रामबिलास एवं मोहित शामिल रहे। कैंप के दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न ट्रैकिंग, एडवेंचर गतिविधियों, प्रकृति अध्ययन, नेतृत्व विकास, टीम वर्क, अनुशासन एवं स्काउटिंग कौशल से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त किया। इन गतिविधियों ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं सेवा भावना को और अधिक मजबूत बनाया। प्राचार्य अशोक नैन ने कैंप से लौटे सभी प्रतिभागियों को बधाई देते कहा कि स्काउटिंग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। विद्यालय भविष्य में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्काउट एवं गाइड गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करेगा तथा उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### जागरूकता-प्रेरणा के नाम रहा शिविर का चौथा दिन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों के लिए जागरूकता एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता मुख्यअतिथि ज्योति मान रहे। जबकि विद्यालय के चेयरमैन संदीप दहिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्यअतिथि ज्योति मान ने स्वयंसेवकों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं बाल संरक्षण अधिनियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों, बाल यौन शोषण, मोटर वाहन अधिनियम तथा किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों से अवगत कराया। स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि वे समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करें तथा अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति सजग रहें। विशिष्ट अतिथि संदीप दहिया ने स्वयंसेवकों से संवाद करते राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला।

### सीआरएस विश्वविद्यालय ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ाई

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते विश्वविद्यालय के शिक्षण विभागों (यूटीडी) में संचालित विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर एवं स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून तक बढ़ा दी गई है। विश्वविद्यालय द्वारा संशोधित प्रवेश कार्यक्रम शीघ्र ही जारी किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि अनेक विद्यार्थी विभिन्न कारणों से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर पाए थे। विद्यार्थियों की मांग, बढ़ते आवेदनों तथा उनकी सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है ताकि अधिक से अधिक छात्र व छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिल सके।

### जींद को 12 वर्ष में नहीं मिली एनसीआर जैसी सुविधाएं

**जींद।** समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल ने कहा कि जींद को अगर एनसीआर में ही रखना है तो मेट्रो जैसी आधुनिक परिवहन व्यवस्था, बड़े औद्योगिक क्षेत्र, बेहतर सड़क नेटवर्क, आधुनिक स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाएं तथा निवेश को बढ़ावा देने वाली योजनाएं तो लागू करो। यदि जींद एनसीआर का हिस्सा है तो उसका विकास भी दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद और अन्य विकसित एनसीआर क्षेत्रों की तर्ज पर दिखाई देना चाहिए। 12 वर्ष बीत जाने के बाद भी जींद को एनसीआर के नाम पर फायदा कुछ मिला नही नुकसान जरूर हुआ है। हाल ही में हुई एनसीआर प्लानिंग बोर्ड की बैठक में हरियाणा के सभी 14 जिलों जिनमें जींद भी शामिल है को एनसीआर में यथावत रखने का निर्णय लिया गया है। ऐसे में अब सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि जींद को भी एनसीआर के अनुरूप सुविधाएं और विकास कार्य उपलब्ध कराए जाएं। राजकुमार गोयल ने कहा कि वर्ष 2014 में जींद को एनसीआर में शामिल किया गया था।



जींद। वीसी में भाग लेते डीसी व अन्य अधिकारी।

# राजस्व मामलों के शीघ्र निपटान पर दें विशेष ध्यान अधिकारी : डीसी

**जींद।** उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा ने कहा है कि राजस्व से जुड़े मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। आम नागरिकों को पारदर्शी, सरल और त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इन्हीं निर्देशों के मद्देनजर बुधवार को लघु सचिवालय स्थित उनके कार्यालय में राजस्व विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पेपरलेस डीड रजिस्ट्रेशन, पेपरलेस डिमार्केशन, म्यूटेशन, लार्ज स्केल मैपिंग, राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरण, पार्टीशन केस, आर्बिट्रेशन मामलों तथा जमाबंदी सहित अन्य विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इससे पहले हिसार मंडल की आयुक्त गीता भारती ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मंडल के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक कर राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक निर्देश जारी किए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार की पेपरलेस डीड रजिस्ट्रेशन व्यवस्था को निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए तथा पुरानी प्रणाली को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

## खबर संक्षेप

### सीवन क्षेत्र से किशोरी हुई लापता, केस दर्ज

**कैथल।** सीवन थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला ने उसकी 18 साल की पोती को शादी का झांसा दे भगाने का आरोप लगाया है। सीवन थाना पुलिस ने सिरसा के एक युवक पर अपहरण का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि 22 जून की रात करीब 10 बजे परिवार के सभी सदस्य खाना खाकर सो गए थे। अगले दिन सुबह करीब 6 बजे उठने पर उनकी पोती घर में नहीं मिली। इसके बाद परिवार ने गांव, आसपास और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। आरोप लगाया कि उनकी पोती को बहला-फुसलाकर और शादी का झांसा देकर घर से भगाने में सिरसा निवासी कार्तिक का हाथ है। मामले की जांच अधिकारी एसआई संदीप कुमार ने बताया कि युवक के खिलाफ अपहरण के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई युवती

**कैथल।** चीका की एक कॉलोनी में 18 साल की युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती की मां ने पति पर शराब पीकर झगड़ा करने, मारपीट करने और बेटी को प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। चीका थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजौंद की एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह चीका की एक कॉलोनी में किराये पर रहती है। उसके 5 बच्चे हैं, जिनमें 2 की शादी हो चुकी है। उसकी बेटी पिछले करीब 8 माह से अपने मौसा के घर रह रही थी। उसका पति शराब पीने का आदी है और अक्सर घर में झगड़ा करता है। महिला ने आरोप लगाया कि 7 जून को उसके पति ने शराब के नशे में घर में झगड़ा किया, बच्चों के जरूरी दस्तावेज जला दिए और परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की। उसने बेटी के साथ भी मारपीट की, जिससे वह भयभीत रहने लगी और अपने मौसा के घर रहने लगी। 22 जून को दोपहर करीब 1:30 बजे उसकी बेटी घर से लापता हो गई।

### बाबा बर्फानी सेवा यात्रा का होगा स्वागत

**सीवन।** बर्फानी सेवा मंडल कैथल द्वारा पवित्र अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सेवा के लिए लगाए जाने वाले 32वें विशाल भंडारे की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। सेवा कार्यों को लेकर मंडल के सेवादारों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सीवन शाखा के अध्यक्ष पवन हंदुजा तथा महेंद्र पाल वर्मा ने बताया कि बालटाल में 3 जुलाई से 28 अगस्त तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे में अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन, चाय, नाश्ता और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि 28 जून को कैथल के अर्जुन नगर स्थित बाबा बर्फानी सेवा मंडल धर्मशाला से हवन-पूजन के उपरांत भंडारा सामग्री से भरे ट्रकों को रवाना किया जाएगा। पवन हंदुजा ने बताया कि सीवन में कैथल-पटियाला मुख्य मार्ग पर बाबा बर्फानी के सेवादारों का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### एसआईआर कार्य में जुटी प्रशासनिक टीम

**कलायत।** कलायत विधानसभा क्षेत्र में एसआइआर को लेकर प्रशासनिक टीम अपने कार्य को निपटाने में लगी है। निर्वाचक पंजीयन अधिकारी एवं कलायत एसडीएम अजय हुड्डा की अगुवाई में अभियान के तहत अब तक 98 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं तक प्रपत्र पहुंचाने में सफलता हासिल की गई है। एसडीएम ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के कुल 2,14,657 मतदाताओं में से 2,10,702 मतदाताओं तक प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जो कुल मतदाताओं का 98.16 प्रतिशत है। वितरित किए गए प्रपत्रों में से प्राप्त आवेदनों का 13.60 प्रतिशत ऑनलाइन अपलोड भी किया जा चुका है। इससे मतदाता सूची के आनलाइन और सत्यापन कार्य को गति मिली है। इस तरह शेष कार्य भी निर्धारित समय सीमा में पूरा कर लिया जाएगा। प्रशिक्षित टीम घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रही है। आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कर रही है।

## मुख्यमंत्री की घोषणाओं को गंभीरता से लें अधिकारी: अपराजिता

# सीएम ने की 405 घोषणाएं, 276 पूरी, 18 पर नहीं शुरू हुआ कार्य

**84 घोषणाओं पर कार्य प्रगति पर जबकि 27 हैं नॉट फिजीबल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

**घोषणाओं के क्रियान्वयन में न करें लापरवाही**



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**घोषणाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दें अफसर**

डीसी अपराजिता ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री घोषणाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा मुख्यालय स्तर पर लंबित परियोजनाओं को लेकर नियमित फॉलोअप लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में अनावश्यक देरी एवं लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीसी अपराजिता ने कहा कि सभी अधिकारी मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं को गंभीरता से लें। इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जो घोषणाओं अभी लंबित हैं, उन पर जल्द कार्य शुरू करवाया जाए तथा जिन पर कार्य प्रगति पर है, उन्हें पूरा करने में तेजी लाएं, ताकि इन परियोजनाओं के पूरा होने से आमजनता को लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परियोजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। डीसी अपराजिता बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे रहीं थीं।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अब तक जिले में कुल 405 घोषणाएं की गई हैं, जिनमें से 276 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 84 पर कार्य प्रगति पर है और 18 घोषणाएं ऐसी हैं, जिन पर अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। वहीं 27 घोषणाएं नोट फिजीबल हैं। डीसी ने कुछ परियोजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई तथा संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। सोंगल गांव में प्रस्तावित जूडो हॉल के निर्माण कार्य शुरू करवाने में देरी पर जिला खेल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस अवसर सहायक आयुक्त (अंडर ट्रेनी) शिवानी पांचाल, सीईओ जिला परिषद सुरेश राविश, डीएमसी कपिल शर्मा, सीएमओ डा. रेणु चावला सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### समर प्रेरणा कैंप में एडीसी ने बच्चों को किया प्रेरित

**राजौंद।** ज्ञानदीप वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजौंद में 3 जून से चल रहे समर प्रेरणा कैंप का समापन समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस कैंप का शुभांरभ जिला उपायुक्त अपराजिता द्वारा किया गया था। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान और गणित से जुड़े विभिन्न प्रयोग सिखाए गए। बच्चों ने विज्ञान के रोचक प्रयोगों के साथ-साथ गणितीय फार्मूलों की जानकारी प्राप्त की। टेलिस्कोप के माध्यम से उन्हें आकाश, ग्रह-उपग्रह और तारों की सैर भी करवाई गई, जिससे उनकी जिज्ञासा और ज्ञान में वृद्धि हुई। बच्चों ने रॉकेट बनाना और उसे उड़ाना भी सीखा। खेलकूद गतिविधियों का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए कुरुक्षेत्र ले जाया गया। मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध जादूगर बी.के. सम्राट द्वारा मैजिक शो भी प्रस्तुत किया गया, जिसने बच्चों का खूब मनोरंजन किया। समापन समारोह के अवसर पर जिला अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) डॉ. सुशील कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने स्कूल प्रबंधन, एमडी कुलबीर दीक्षित, प्रधानाचार्य सतपाल सिंह, मेंटर्स और अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं। इस दौरान स्कूल प्रबंधन द्वारा कुलबीर दीक्षित,सतपाल सिंह, बजिंद्र कुमार,अंकित, नितेश, ध्रुव, शौर्य, हर्ष, योगेश, महिपाल, सौरभ, अन्नी, सुशील, मनीराम, करण, सतीश, अमित और सतपाल सहित अन्य सहयोगियों को प्रशंसा पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में एसपीएसटीआई के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, सेक्रेटरी प्रो. धर्मवीर, रेनू भल्ला, कैंप कोऑर्डिनेटर अशोक शर्मा (प्रेजिडेंट, सतमित्रा फाउंडेशन), कुशल कुमार, बीईओ संदीप नैन, महिपाल शर्मा, डीएसएस सुशील शर्मा तथा स्कूल के अध्यापकगण, केमिस्ट्री विशेषज्ञ अनीता, मोनिका, सोनिया, पूजा सहित कई अन्य मौजूद रहे।

## चारधाम यात्रा 2026 के लिए पंजीकरण कराना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कैथल

■ उपायुक्त अपराजिता बोलीं श्रद्धालु सरकार की एडवाइजरी का करें पालन

डीसी अपराजिता ने जिले के उन श्रद्धालुओं से अपील की है जो चारधाम यात्रा-2026 पर जाने की योजना बना रहे हैं कि वे यात्रा शुरू करने से पहले अनिवार्य रूप से अपना पंजीकरण करवाएं। बिना पंजीकरण के यात्रा के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका यात्रियों को पालन करना चाहिए।

डीसी अपराजिता ने बताया कि यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए उत्तराखंड सरकार ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण व्यवस्था लागू की है। उन्होंने कहा कि जिले से चारधाम यात्रा पर जाने वाले सभी यात्रियों को आधार प्रमाणीकरण के साथ पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के बाद यात्रियों को क्यूआर कोड युक्त रजिस्ट्रेशन पत्र तथा यूनिक आईडी उपलब्ध कराई जाएगी। धामों में प्रवेश से पूर्व दस्तावेजों का सत्यापन किया जाएगा तथा दर्शन के लिए टोकन जारी किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्रद्धालु ऑनलाइन पोर्टल तथा टूरिस्ट केयर उत्तराखंड मोबाइल एप के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ लेने वाले श्रद्धालु केवल अधिकृत आईआरसीटीसी पोर्टल के माध्यम से ही बुकिंग करें ताकि किसी प्रकार की धोखाधड़ी से बचा जा सके। इसी प्रकार ऑनलाइन पंजीकरण हेतु देहरादून में हरबर्टपुर व नयागांव, हरिद्वार में राही होटल, ऋषिकेश में आईएसबीटी ट्रांजिट कैंप, आरटीओ, गुरुद्वारा में काउंटर खोले गए हैं।

डीसी अपराजिता ने कहा कि चारधाम यात्रा ऊंचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रों में होती है, जहां कम ऑक्सीजन, अत्यधिक ठंड और मौसम में अचानक बदलाव जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए यात्रा से पहले स्वास्थ्य जांच अवश्य कराएं, नियमित व्यायाम करें तथा पर्याप्त गर्म कपड़े, आवश्यक दवाइयां और अन्य जरूरी सामान अपने साथ रखें। उन्होंने विशेष रूप से 55 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं तथा हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, अस्थमा और मधुमेह जैसी बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों को चिकित्सकीय परामर्श लेने के बाद ही यात्रा पर जाने की सलाह दी।

## धैर्य, संयम और अटूट भक्ति से मिलती है भगवान की कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। गुहला-चीका



**गुहला-चीका।** कथा व्यास परम पूज्या रक्षा सरस्वती का सम्मान करते श्रद्धालु।

श्री भवानी मंदिर, चीका में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस पर कथा व्यास परम पूज्या रक्षा सरस्वती जी ने श्रद्धालुओं को सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, अजामिल उपाख्यान तथा प्रह्लाद चरित्र का मार्मिक वर्णन सुनाते हुए जीवन में धैर्य, संयम और अटूट श्रद्धा का महत्व बताया।

कथा के शुभारंभ अवसर पर पूर्व पीटीआई निशान शर्मा अपनी धर्मपत्नी एवं परिवार सहित पहुंचे और व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कथा व्यास का सम्मान भी किया। रक्षा सरस्वती जी ने सती चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव की आज्ञा की अवहेलना कर पिता के घर जाने पर माता सती को अपमान का सामना करना पड़ा, जिसके कारण उन्होंने स्वयं को अग्नि में समर्पित कर दिया।

उन्होंने कहा कि जीवन में बड़ों की सीख और मार्गदर्शन का सम्मान करना आवश्यक है। प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान नृसिंह का लोहे के खंभे से प्रकट होना इस बात का प्रतीक है कि सच्ची श्रद्धा और विश्वास के आगे भगवान स्वयं भक्त की रक्षा के लिए प्रकट हो जाते हैं।

इस अवसर पर प्रधान बलबीर सैनी, राजीव शर्मा, कुलदीप माजरा, धर्मपाल शर्मा, निर्मल शर्मा, मुख्य पुजारी सुभाष शर्मा, डॉ. रामकुमार शर्मा भार्गव, गुरबख्श सिंह सिडा, कृष्ण धीमान, हरपाल शर्मा, गुरदीप ढांडा, राजपाल राविश, प्रवीण गर्ग, गुरमीत सिडा, हरजिंदर जांगड़ा, अजय भार्गव, मोहन रॉय, राममेहर कौशिक, राजू बावा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



### देवेंद्र पंचाल की नियुक्ति से पूंडरी का सम्मान बढ़ा

**पूंडरी।** हरियाणा स्टेट को-ऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन (लेबर फेड) के नवनियुक्त चेयरमैन देवेंद्र पंचाल के पहली बार पूंडरी पहुंचने पर नगरपालिका परिसर में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पूर्व अनाज मंडी प्रधान एवं वार्ड नंबर-1 के पार्षद सतीश हजवाना सहित विभिन्न वार्डों के पार्षदों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर तथा स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया। देवेंद्र पंचाल की नियुक्ति को क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए उपस्थित लोगों ने कहा कि उनके नेतृत्व में श्रमिकों, निर्माण कार्यों और सहकारी क्षेत्र को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राकेश गोस्वामी ने कहा कि देवेंद्र पंचाल लंबे समय से संगठन और समाज के बीच सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी नियुक्ति से पूंडरी क्षेत्र का सम्मान बढ़ा है और इससे युवाओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। पूर्व अनाज मंडी प्रधान एवं पार्षद सतीश हजवाना ने कहा कि देवेंद्र पंचाल की नियुक्ति उनके लंबे सामाजिक, संगठनात्मक और जनसेवा के अनुभव का परिणाम है। उन्होंने कहा कि लोगों को उम्मीद है कि उनके नेतृत्व में लेबर फेड नई ऊंचाइयों को छुएगा तथा श्रमिकों के हितों की रक्षा के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस अवसर पर देवेंद्र पंचाल ने स्वागत के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने उन पर जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरना उनकी पहली जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में साहब सिंह, रवि कश्यप, विक्की वाल्मीकि, अनिल गोलन, जितेंद्र सिंह, राजकुमार सैनी, नसीब सैनी, नीरज सैनी, कमल सैनी, अंशुल गर्ग, सचिन गर्ग सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

**पांच माह से वेतन नहीं मिलने पर परेशान होकर शुरू किया था विरोध**

## धरने पर बैठे पार्क कर्मचारियों की मांगें हुई पूरी

**कर्मियों ने शहरवासियों पार्षदों, कर्मचारी संगठनों का आभार जताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। कलायत



**कलायत।** पार्क में सुपरवाइजर नवीन राणा की मौजूदगी में काम में लगे कर्मी।

कलायत नगर पालिका के सभी सात पार्कों में तैनात 9 कर्मचारियों को पांच माह से वेतन न मिलने के मामले को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना आखिकार समाप्त हो गया। पालिका अधिकारियों की मौजूदगी में टेंडर के तहत काम कर रही एजेंसी ने हड़ताली कर्मियों की मांगों को मान लिया है। इसके उपरांत कर्मी पार्कों में ड्यूटी पर लौट गए हैं। मांगें पूरी होने पर इन्होंने आम जन, पार्षदों, समाज सेवी संगठनों व कर्मियों के मिलने समर्थन पर उन्होंने आभार व्यक्त किया है। सुपरवाइजर नवीन राणा ने बताया कि कई दौर की बातचीत से मामले का हल हो गया है। कर्मियों को उनका बकाया वेतन जारी कर दिया गया है। अपनी मांगों को लेकर दो महिलाओं सहित 9 कर्मी 18 जून को ड्यूटि छोडक़र नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठे गए थे। इसमें एक सुपरवाइजर, 2 सिक्योरिटी गार्ड, 2 माली व चार सफाई कर्मी शामिल रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि नगर पालिका द्वारा शहर के पार्कों के रखरखाव और सुरक्षा कार्य के लिए एक एजेंसी को टेंडर दिया गया है। इसी एजेंसी के माध्यम से वे पार्कों में सफाई, रखरखाव, माली और अन्य कार्यों में लगे हुए हैं। पिछले पांच महीनों से उनका वेतन नहीं दिया जा रहा था। नियमित वेतन न मिलने से घर का खर्च चलाना कठिन रहा।

आन लाइन वेतन, पीएफ व अन्य सुविधाओं को नियम अनुसार धरातल पर जांचने की जरूरतः

कलायत के पार्कों में तैनात कर्मियों को वेतन न मिलने का मामला लगातार गर्म रहा। यह मुद्दा उस समय प्रदेश व जिला मुख्यालय पर गंभीर रूप ले गया जब कर्मियों के मासूम बच्चों ने सीएम के साथ-साथ डीसी से मार्मिक अपील कर डाली।

## न्यूज डायरी



### राजौंद से रवाना हुई सालासर-खाटू धाम यात्रा

**राजौंद।** राजौंद की श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा पहली बार सालासर और खाटू धाम की धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के लिए कमेटी की ओर से एक एसी बस की व्यवस्था की गई, जिसमें लगभग 65 श्रद्धालु सवार होकर दर्शन के लिए रवाना हुए।यात्रा के दौरान सभी श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के सहज और शांतिपूर्ण दर्शन किए। दर्शन के बाद श्रद्धालुओं ने इस यात्रा को अत्यंत सुखद और आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि राजौंद से पहली बार इस प्रकार की यात्रा शुरू होने से लोगों में काफी उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला।श्रद्धालुओं ने कमेटी से आग्रह किया कि भविष्य में भी इस प्रकार की धार्मिक यात्राओं का आयोजन नियमित रूप से किया जाए, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इसका लाभ उठा सकें और उनकी यात्रा सरल व सुगम बन सके। यात्रियों ने बताया कि इस दौरान कमेटी के प्रधान मोकम राणा, कैशियर धर्मेंद्र अरोड़ा, शोकी राणा, रमेश भारद्वाज, कुलदीप, नानूराम व पंडित श्रीकृष्ण ने पूरे सफर में प्रत्येक श्रद्धालु का परिवार की तरह ध्यान रखा, जिससे यात्रा और भी सुखद बन गई।



### यूनियन की पूर्व सचिव नीतू को दी श्रद्धांजलि

**कैथल।** आंगनबाड़ी वर्कर एण्ड हैल्पर यूनियन सम्बन्धित सीटू जिला कैथल की पूर्व सचिव नीतू की असामयिक मौत पर यहां हनुमान वाटिका स्थित अग्रसेन वाटिका हाल में यूनियन द्वारा एक शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यूनियन की राज्य प्रधान रूपा राणा , सचिव बिजनेश राणा व सीटू हरियाणा के महासचिव जयभगवान भी उपस्थित हुए।शोक सभा का संचालन जयप्रकाश शास्त्री ने किया ।इस अवसर पर कैथल जिले की आंगनवाड़ी वर्कर एण्ड हैल्पर यूनियन की प्रधान मनजीत हाबड़ी ने कहा कि कुदरत ने असामयिक उनकी नेता नीतू को हमसे छीन लिया है जो यूनियन ,घर परिवार व समाज के लिए भारी क्षति हुई है, जिले की सभी कार्यकर्ता पीड़ित परिवार के साथ हर प्रकार से एकजुटता रखेंगी। सर्व कर्मचारी संघ कैथल जिला प्रधान ओमपाल भाल, सीटू नेताओं सत्यवान ,बसाऊ राम चन्दाना ,नरेश रोहेड़ा , रिटायर्ड कर्मचारी संघ नेता डॉ विकास आनन्द ,मदन लाल तंवर व अध्यापक संघ जिला नेता सुरेश द्रविड़ ने नीतू को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह बहुत ही संघर्षशील थी। , संगठन , परिवार व समाज के साथ सामंजस्य बना कर रखती थी। यूनियन की राज्य सचिव बिजनेश राणा व प्रधान रूपा राणा ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नीतू की असामयिक मृत्यु उनके संगठन के लिए तो भारी क्षति है ही , बल्कि परिवार व समाज को भी बहुत नुकसान हुआ है ,हम उनके परिवार की व दोनों बच्चों की देखरेख व पढ़ाई में पूरी मदद करेंगे। इस अवसर पर यूनियन की पूर्व प्रधान राज बाला जाखौली,रीना भूसला, पूनम लोहान, नीलम, सुमन, अनीता , सविता कौल आदि भी शामिल हुई।



### मैराथन में रजनी और अंकुश रहे प्रथम

**कैथल।** नशा और एड्स से बचाव को को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने खेल विभाग के सहयोग से इंडोर स्टेडियम में मैराथन का आयोजन किया। मैराथन को बाक्सिंग कोच गुरमीत सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गुरमीत ने कहा कि आज बढ़ती नशे की प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। समाज के विभिन्न वर्गों ने इस समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि नशा धीरे-धीरे युवाओं को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक रूप से खोखला कर रहा है। कई युवा नशीले पदार्थों की गिरफ्त में आकर अपनी पढ़ाई, रोजगार और पारिवारिक जिम्मेदारियों से दूर होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नशे की लत से स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे अवसाद, तनाव और कई गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसके साथ ही अपराध और सामाजिक असुरक्षा जैसी समस्याएं भी बढ़ रही हैं। उनका कहना है कि खेल, शिक्षा और रचनात्मक गतिविधियों की ओर युवाओं को प्रेरित कर इस समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया जा सकता है। अभिभावकों से भी अपने बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखने और उनसे खुलकर संवाद करने का आग्रह किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से सिविल सर्जन श्रीमति रेनू चावला, डा. संदीप डिप्टी सिविल सर्जन, हिमांशु भार्गव प्रोग्राम मैनेजर, अनूप कौशिक काउंसलर, प्रशांत कुमार हैंडबॉल कोच, अमरजीत बॉक्सिंग कोच, दिलावर जी, मोहन लाल राजीव आदि मौजूद रहे। इस मैराथन दौड़ में लगभग 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में अंकुश प्रथम, शिव सागर द्वितीय और जशन तृतीय स्थान पर रहे और महिला वर्ग में रजनी प्रथम, राधिका द्वितीय और शीतल तृतीय स्थान पर रहे।



### पुलिस लाइन में लगाया रक्तदान शिविर

**कैथल।** कैथल पुलिस द्वारा बुधवार को जिला नागरिक हस्पताल कैथल के सहयोग से पुलिस लाइन में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त सिग्नस हस्पताल कैथल द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन दौरान पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों तथा उनके परिजनों द्वारा बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीण श्योकंद ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का उद्घाटन एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने किया। उन्होंने स्वयं उपस्थित रहकर रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया और उनकी सेवा भावना की सराहना करते हुए उन्हें बैच लगाकर सम्मानित किया। शिविर व मेडिकल जांच कैंप में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए। विभिन्न थानों और पुलिस इकाइयों से आए पुलिस कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। कुल 44 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जिसे आगे जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सौंपा जाएगा। इस अवसर पर रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों का अभिनंदन किया गया और उन्हें जलपान भी कराया गया। इस दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश, डीएसपी रमेश चंद्र, रेडक्रॉस कैथल सुपरीडेंट पवन कुमार, सिविल अस्पताल से गुलाब सिंह टेक्नीशियन, पुलिस विभाग के फार्मेसी ऑफिसर संदीप ढुल, सिग्नस हस्पताल से डॉ रजत, डॉ शिवम परमार व अन्य टीम सहित अन्य पुलिस कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने रक्तदान तथा मेडिकल जांच शिविर के आयोजन की सराहना की और इसे समाज सेवा की दिशा में सराहनीय कदम बताया। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जो किसी जरूरतमंद को नया जीवन देता है।

### सेल्समैन पर हमला

**कैथल।** कुछ लोगों ने भूना में ठेके में घुसकर सेल्समैन पर डंडों और तलवारों से जानलेवा हमला कर महंगी शराब की बोतलें और अन्य सामान व सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। सीवन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार रिटायर्ड पुत्र श्री रणधीर सिंह निवासी गांव धर्मखेड़ी जिला हांसी हाल आबाद श्योराण कालोनी जींद बयान करता हूं कि मैं हरियाणा पुलिस विभाग में सिपाही के पद से दिनांक 30.04.1992 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय जींद से भर्ती हुआ था और मैं पद से दिनांक 31.01.2026 को रिटायर्ड हो चुका हुं। मेरा पीपीओ नं. 1126534604534604 फाईल नं. 2052601320 है। मेरी मूल सेवा पुस्तिका में मेरा नाम सतीश लिखा गया है जबकि अन्य कागजातों में जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड, फैमिली आईडी में सतीश कुमार है। भविष्य में मुझे सतीश और सतीश कुमार के नाम से जाना व पहचाना जाए।

## खबर संक्षेप




राजौंद। स्वास्थ्य जांच शिविर में मौजूद डॉक्टर के साथ ग्रामीण।

### माजरा नंदकरण में जिंदल फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**राजौंद।** गांव माजरा नंदकरण में जिंदल फाउंडेशन की ओर से एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान कुल 115 मरीजों की ओपीडी की गई। वहीं 12 लोगों के खून की जांच कर विभिन्न बीमारियों की पहचान के लिए सैंपल लिए गए। डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें परामर्श दिया और दवाइयां भी उपलब्ध करवाईं। इस अवसर पर कलायत हलका प्रभारी वीरेंद्र सहारण ने शिविर की सराहना की।

### लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसो. की राज्य कार्यकारिणी का गठन

**राजौंद।** लेक्चरर फिजिकल एजुकेशन एसोसिएशन हरियाणा के राज्य प्रधान सोहन पाल राणा ने राज्य कार्यालय राजौंद में अगले तीन वर्षों के लिए नई राज्य कार्यकारिणी का गठन किया।



सोहन पाल राणा।

नवगठित कार्यकारिणी में दिनेश चौधरी (पानीपत) को मुख्य संरक्षक, डॉ. मनोज नैन को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, अमरिंदर सिंह (अंबाला) को जनरल सेक्रेटरी, प्रवीन चहल (जींद) को फाइनेंस सेक्रेटरी, सत्यवान (भिवानी) को कन्वीनर, अनूप सिंह (फतेहाबाद) को एडवाइजर, कुलदीप मक्कड़ (हिसार) को उपदान तथा प्रदीप यादव (महेंद्रगढ़) को डिप्टी जनरल सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। राणा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# स्नातक कोर्स में दाखिला लेने के लिए आवेदन करने को बचे केवल छह दिन

## 9 जुलाई को प्रोविजनल लिस्ट आएगी, 10 को पहली मेरिट लिस्ट होगी चस्पा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्नातक कोर्स में अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए आवेदन को लेकर विद्यार्थियों के पास केवल छह दिन बचे हैं। विद्यार्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। साथ ही उच्चतर शिक्षा विभाग ने मेरिट लिस्ट को लेकर भी शेड्यूल जारी कर दिया है। कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लॉग इन आईडी से त्रुटि हटाने का कार्य छह जुलाई तक होगा। आठ जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद नौ जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 10 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा उनके पास 11 से लेकर 15 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। विद्यार्थियों द्वारा भी लगातार आवेदन किए जा रहे हैं। राजकीय पीजी कॉलेज में विभिन्न 13 संकायों में 2618 आवेदन आ चुके हैं। बीए कला संकाय में निर्धारित 600 सीटों पर 1385 आवेदन आए हैं। बीए इकोनामिक्स में 40 सीटों पर 30,



जींद। आवेदन करते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 64, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 89, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 56, बीबीए में 40 सीटों पर 170, बीकॉम में 220 सीटों पर 266, बीसीए में 120 सीटों पर 370, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 280, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 157, बैचलर ऑफ साइंस इन केमिस्ट्री में 40 सीटों पर 82, बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 87 और बैचलर ऑफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 40 सीटों पर 78 आवेदन आ चुके हैं। वहीं राजकीय महिला कॉलेज में अलग-अलग नौ संकायों में अब तक आए 1469 आवेदनों में से बीए कला संकाय में 400 सीटों पर 856, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 49, बीए ज्योग्राफी में 40 सीटों पर 67, बीकॉम में 200 सीटों पर 145, बीसीए में 60 सीटों पर 148, बैचलर ऑफ साइंस इन लाइफ साइंस में 60 सीटों पर 210, बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 160 सीटों पर 106, बैचलर ऑफ साइंस विद मेजर इन मैथ में 40 सीटों पर 55 और बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्स में 30 सीटों पर 49 आवेदन आ चुके हैं।

### विद्यार्थियों के लगातार आ रहे आवेदन

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि उच्चतर शिक्षा विभाग ने मेरिट लिस्ट को लेकर भी शेड्यूल जारी कर दिया है। ऐसे में जिन विद्यार्थियों ने अभी तक यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन नहीं किया है तो उन्हें चाहिए कि वे निर्धारित अवधि में आवेदन कर अपना दाखिला सुनिश्चित करें। कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की तारीख 30 जून तक है। विद्यार्थियों द्वारा अपने पसंदीदा संकायों में लगातार आवेदन किए जा रहे हैं।



कैथल। स्वास्थ्य कर्मियों को टेली-ईसीजी प्रशिक्षण देते अधिकारी।

# अब हृदय जांच सुविधा पीएचसी पर भी मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- जिले के स्वास्थ्य कर्मियों को दिया गया टेली-ईसीजी प्रशिक्षण

सिविल सर्जन डॉ. रेणु चावला ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा हृदय रोगियों को त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से राज्य के सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में टेली-ईसीजी सेवा शुरू की गई है। यह अभिनव पहल विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की उपलब्धता सीमित रहती है। इस सेवा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बुधवार को जिला नागरिक अस्पताल, कैथल में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. रेणु चावला ने बताया कि इस सेवा के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से लेकर जिला अस्पताल तक मरीजों की ईसीजी जांच ऑनलाइन डिवाइस एवं इंटरनेट युक्त टैबलेट के माध्यम से की जाएगी। ईसीजी रिपोर्ट तत्काल विशेषज्ञ चिकित्सकों के पास भेजी जाएगी, जहां उसका विश्लेषण कर उसे सामान्य, असामान्य अथवा क्रिटिकल श्रेणी में वर्गीकृत किया जाएगा। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा आवश्यक प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा। पूरी प्रक्रिया के लिए 10 मिनट से कम समय निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस सेवा से हृदय संबंधी गंभीर मामलों की शीघ्र पहचान संभव हो सकेगी तथा जरूरत पड़ने पर मरीजों को समय रहते उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जा सकेगा।

# हरियाणा विज्ञान रत्न अवॉर्ड और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवॉर्ड के लिए नामांकन आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

- पात्र व्यक्ति 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

डीसी डीसी डा. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वैज्ञानिकों को सम्मानित करने के लिए हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड और हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र व्यक्ति आगामी 31 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के लिए घोषित इन पुरस्कारों के तहत हरियाणा विज्ञान रत्न अवार्ड में चयनित वैज्ञानिक को पांच लाख रुपये की नगद राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। यह पुरस्कार उन प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों के लिए है, जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक है और जिन्होंने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है।

डीसी ने बताया कि इसी प्रकार हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के तहत 40 वर्ष से कम आयु के युवा वैज्ञानिकों को एक लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र और ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और राज्य में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। हरियाणा सरकार का उद्देश्य विज्ञान और नवाचार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पहचान देना और नई पीढ़ी को अनुसंधान एवं तकनीकी विकास की ओर प्रेरित करना है। डीसी ने बताया कि इन पुरस्कारों के लिए वही वैज्ञानिक पात्र होंगे, जिन्होंने हरियाणा में 10 वर्ष या इससे अधिक समय तक कार्य किया हो या शिक्षा प्राप्त की हो अथवा जो हरियाणा के निवासी हों। हरियाणा युवा विज्ञान रत्न अवार्ड के नामांकन के लिए आयु की गणना 31 दिसंबर तक की जाएगी।

# एसडीएम ने सार्वजनिक संस्थानों को फायर सेफ्टी सिस्टम अपडेट करने के आदेश जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

- फायर सेफ्टी उपकरण खराब मिलने पर होगी कार्रवाई



एसडीएम जगदीश चन्द्र

एसडीएम जगदीश चंद्र ने उपमंडल में सभी सार्वजनिक संस्थानों एवं भवनों में फायर सेफ्टी सिस्टम अपडेट रखने के कड़े निर्देश दिए हैं। एसडीएम द्वारा जारी एक विशेष प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक सार्वजनिक भवन में फायर सेफ्टी सिस्टम लगा होना चाहिए और यह सुचारु व संचालित भी हो ताकि किसी भी कारण से अग्नि दुर्घटना जैसी अनहोनी को टाला जा सके। इसे सभी संचालक व प्रबंधक अत्यंत जरूरी समझे, किसी भी कोताही या लापरवाही के लिए स्वयं भवन संचालक जिम्मेदार होगा। एसडीएम ने बताया कि गर्मी व बरसाती सीजन में बिजली तारों के शॉर्ट सर्किट, आसमानी बिजली, सिलेंडर फटने वगैरा की वजह से ऐसी घटनाओं की संभावनाएं रहती है और यदि भवन में फायर सेफ्टी उपकरण हो तो बड़े हादसे को टाला जा सकता है। यह जान माल की रक्षा और जनहित के लिए बेहद आवश्यक है। एसडीएम जगदीश चंद्र ने क्षेत्र के सभी फैक्ट्री मालिकों, होटल, अस्पताल, स्कूल, कोचिंग सेंटर, पीजी, सिनेमाघर जैसे सभी सार्वजनिक संस्थानों के संचालकों एवं प्रबधकों को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि वे अपने-अपने संस्थानों में फायर से संबंधित सभी सुरक्षा उपकरणों को पूरी तरह से अपडेट रखें और उनकी कार्यक्षमता सुनिश्चित करें। एसडीएम ने कहा कि आगजनी की घटनाएं अक्सर लापरवाही के कारण बड़े हादसों का रूप ले लेती हैं, जिससे जान-माल का भारी नुकसान होता है। ऐसे में प्रत्येक संस्थान की जिम्मेदारी बनती है कि वह समय रहते सुरक्षा उपायों को मजबूत करे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संस्थानों में फायर एक्सटिंग्विशर, फायर अलार्म सिस्टम, पानी की पर्याप्त व्यवस्था और आपातकालीन निकासी (इमरजेंसी एग्जिट) की सुविधा पूरी तरह से दुरुस्त होनी चाहिए। जिन संस्थानों में फायर सेफ्टी उपकरण खराब पाए जाएंगे या समय पर अपडेट नहीं किए जाएंगे, उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाएगी। एसडीएम ने संबंधित विभागों को भी निर्देश दिए कि वे समय-समय पर जांच करें।




कैथल। नारेबाजी कर रोष जताते बिजली निगम के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर्स यूनियन ने गेट मीटिंग कर जताया रोष

**कैथल।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन की गेट मीटिंग 15वें दिन कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन कैथल के खिलाफ़ जारी रही। गेट मीटिंग की अध्यक्षता सब यूनिट सिटी 2 के प्रधान सतीश शर्मा लाईन मैन ने की और मंच संचालन मनफूल ने किया। यूनिट प्रधान अमरदीप बनवाला ने आरोप लगाया कि एक्सईएन ऑपरेशन कैथल मनीष कुमार लगातार अपने चहेते कर्मचारियों को उनकी मनचाही सीटों पर बैठाकर मोटी कमाई कर रहा है। अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि इनको ऑफिस में तो पूरा स्टाफ चाहिए जबकि जीरी के सीजन में एक लाइन मैन 24 घंटे काम करता है उसके लिए कोई आराम नहीं है।




कैथल। राजकीय कन्या महाविद्यालय, चीका में पौधरोपण करते जीवन सिंह नैन एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संतुलन बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है पौधरोपण: जीवन सिंह नैन

**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या महाविद्यालय, चीका में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पैनल अधिवक्ता जीवन सिंह नैन ने फलदार एवं छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नैन ने कहा कि पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण ही सबसे प्रभावी विकल्प है। बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग के कारण आज मौसम चक्र प्रभावित हो रहा है, जिससे असमय वर्षा, तापमान में वृद्धि तथा अन्य पर्यावरणीय समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि "जान है तो जहान है", इसलिए पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### विपक्षी पार्टियां घुसपैठियों के सहारे सत्ता हासिल करना चाहती हैं : सुभाष हजवाना

**पूंडरी।** भाजपा प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं मार्केट कमेटी चेयरमैन सुभाष हजवाना ने कहा कि कांग्रेस सहित विपक्षी दल जनता का विश्वास खो चुके हैं और अब घुसपैठियों व रोहिंग्याओं के सहारे सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने यह बात स्थानीय पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित शक्ति केंद्र कार्यकर्ता बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को जनता का लगातार समर्थन मिल रहा है। हाल में हुए निकाय चुनाव इसके प्रमाण हैं। उन्होंने विपक्ष पर लोकतांत्रिक संस्थाओं पर सवाल उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव आयोग पूरी पारदर्शिता के साथ एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) का कार्य कर रहा है, लेकिन विपक्ष को यह पसंद नहीं आ रहा। सुभाष हजवाना ने कहा कि विपक्ष देश को उस दौर में ले जाना चाहता है, जब बूथों पर कब्जे और गुंडागर्दी के जरिए जनमत को प्रभावित किया जाता था। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट का सही और निष्पक्ष शुद्धिकरण मजबूत लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने शक्ति केंद्र कार्यकर्ताओं, बीएलए-2 और बूथ अध्यक्षों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में पूरी सक्रियता से सरकारी कर्मचारियों का सहयोग करें। कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को वोटर लिस्ट शुद्धिकरण अभियान के बारे में जागरूक करें और हर पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल करवाएं। इस अवसर पर मंडल महामंत्री ऋषि कुमार, पूंडरी ब्राह्मण सभा प्रधान प्रमोद शर्मा, राजेंद्र गर्ग, नीरज वालिया, दीपक बुक्कल, रजनीश गर्ग, विष्णु दत्त शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



पूंडरी। बैठक में भाग लेते हुए भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# भाजपा विकास और जनसेवा की राजनीति करती है : अत्री



उचाना। पत्रकारों से बातचीत करते हुए विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

- धर्म की रक्षा करना हमारा धर्म, सनातन धर्म में जन्म लेना अपराध नहीं, हमें अपने धर्म और संस्कृति पर गर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा धर्म की राजनीति नहीं बल्कि विकास और जनसेवा की राजनीति करती है। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह द्वारा भाजपा पर धर्म की राजनीति करने के आरोप पर प्रतिक्रिया देते विधायक ने कहा कि सनातन धर्म में जन्म लेना कोई अपराध नहीं है। उन्हें गर्व है कि उनका जन्म सनातन धर्म में हुआ है और वे अपनी आस्था एवं संस्कृति का सम्मान करते हैं। धर्म की रक्षा करना हमारा धर्म है। पूर्व पार्षद विनोद शर्मा के प्रतिष्ठान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

विधायक ने कहा कि भाजपा देश और प्रदेश के विकास के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सेवक के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी 140 करोड़ देशवासियों के गर्व हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर अत्री ने कहा कि यह कोई नई प्रक्रिया नहीं है। विपक्ष के शासनकाल में भी एसआईआर होती रही है।



नरवाना। कार्यकर्ताओं के साथ रणदीप सिंह सुरजेवाला। फोटो : हरिभूमि

### एकजुट होकर अधिकारों के लिए संघर्ष करें गरीब, शोषित व वंचित वर्ग : रणदीप सुरजेवाला

**नरवाना।** भाजपा सरकार चोर दरवाजे से आरक्षण को खत्म करने की साजिश कर रही है। कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सुरजेवाला ने बुधवार को अनुसूचित जाति विभाग की जींद जिला कार्यकारिणी के सदस्यों को नियुक्ति पत्र देकर जिम्मेदारी दी। इस कार्यक्रम में पहुंचने पर कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिला अध्यक्ष सतबीर दबलैन और कार्यकारिणी सदस्यों ने सांसद रणदीप सुरजेवाला का फूल मालाओं से स्वागत किया और अहम जिम्मेदारी देने के लिए उनका धन्यवाद भी किया। कार्यकारिणी सदस्यों को संबोधित करते हुए रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा की मोदी व नायब सैनी सरकारें बाबा साहेब के भारत के अधिकारों पर षड्यंत्रकारी हमला बोल रहे हैं। भाजपा सरकार गरीब, शोषित वंचित वर्ग के अधिकारों को चंद पूंजीपतियों के हितों के आगे गिरवी रखना चाहती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले कई सालों से लेक्चर, असिस्टेंट प्रोफेसर समेत अन्य भर्तीयों में दलित और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित अधिकतर पदों को अयोग्यता का बहाना बना कर जानबूझकर रिक्त छोड़ा जा रहा है। हरियाणा में पिछले 10 सालों में सरकारी नौकरियों के 2.50 लाख पद खाली है। उनमें से आधे से ज्यादा पद गरीब दलित और पिछड़े वर्ग के लिए आरक्षित है। परंतु सरकार आरक्षण व्यवस्था के खात्मे की साजिश के तहत जानबूझकर उन पदों पर भर्ती नहीं कर रही है ताकि गरीब दलित और पिछड़े वर्ग के बच्चों को रोजगार न मिल सके। इस मौके पर वरिष्ठ नेता बृजेंद्र सुरजेवाला, जगरूप सुरजेवाला, मनजीत सुरजेवाला, नरवाना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र नैन कान्हाखेड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**प्रतिभा** | बिहार में जनजातीय एवं अनुसूचित जाति समाज कल्याण अधिकारी के पद पर चयन

# पौली की बेटी प्रियंका मलिक बनीं बिहार में अधिकारी, गांव पहुंचने पर हुआ स्वागत

सोनीपत के हिंदू गर्ल्स कॉलेज से एमकाम पास है प्रियंका, बेटियों के लिए बनीं प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

- परिवार में सभी आठ भाई-बहन उच्च शिक्षा प्राप्त

जुलाना क्षेत्र के पौली गांव की बेटी प्रियंका मलिक ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की परीक्षा में सफलता हासिल कर जनजातीय एवं अनुसूचित जाति समाज कल्याण अधिकारी के पद पर चयनित होकर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी का माहौल है। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों, परिजनों और सामाजिक संगठनों ने प्रियंका का फूल मालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया। प्रियंका के भाई नीरज मलिक ने बताया कि उनकी बहन ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने बताया कि उनके पिता कर्मबीर मलिक का चयन दिल्ली पुलिस में एसआई पद पर हुआ था लेकिन कुछ कारणों से वह नौकरी नहीं कर सके। इसके बावजूद उन्होंने संघर्ष करते हुए अपने सभी बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाई और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



जींद। प्रियंका मलिक का स्वागत करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

### नेट-जेआरएफ भी कर चुकीं पास

प्रियंका ने बताया कि उनके परिवार में आठ भाई व बहन हैं और सभी उच्च शिक्षा प्राप्त हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद सोनीपत के हिंदू गर्ल्स कॉलेज से एमकॉम की डिग्री हासिल की। इसके बाद उन्होंने उच्च शिक्षा जारी रखते हुए नेट परीक्षा जीआरएफ के साथ उत्तीर्ण की। पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने प्रशासनिक सेवा में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर लिया था और लगातार मेहनत करती रहीं। इस अवसर पर भावुक हुई प्रियंका ने कहा कि उनके पिता का सपना था कि उनके बच्चे पढ़ लिख कर अधिकारी बनें और समाज में अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने कहा कि आज उनके पिता इस दुनिया में नही हैं लेकिन उनकी दी हुई सीख, संघर्ष और प्रेरणा ने ही उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाया है। प्रियंका ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार और शिक्षकों को दिया। ग्रामीणों ने प्रियंका की सफलता को गांव की बेटियों के लिए प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि से क्षेत्र की अन्य युवतियों को भी आगे बढने की प्रेरणा मिलेगी।



### मानसून के दृष्टिगत एसडीएम ने किया ड्रेनों का निरीक्षण

**कलायत।** मानसून सीजन के दृष्टिगत कलायत एसडीएम अजय हुड्डा ने बुधवार को कपिल मुनि ड्रेन, रजबाहा तथा अन्य संवेदनशील स्थलों का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान कपिल मुनि ड्रेन में कुछ कमियां एवं खामियां पाई गईं, जिनके संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक सुधार कार्य जल्द करवाने के निर्देश दिए गए। संबंधित विभाग द्वारा इन कमियों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र दूर करने का आश्वासन दिया गया। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ड्रेनों, नालों तथा जल निकासी तंत्र को सुचारू रूप से कार्यशील रखा जाए।